NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-142, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 28 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# यूपी में दर्दनाक हादसों में 8 की मौत

## मिर्जापुर में हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, उड़े परखच्चे; पिता- पुत्र समेत चार की मौत



**मिर्जापुर।** कोहरे के कारण मिर्जापुर जनपद में प्रयागराज- वाराणसी हाईवे पर शुक्रवार की भोर में भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क पार कर रहे चालक और खलासी को रौंदते हुए ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार पिता- पुत्र की मौत हो गई। चालक की मौके पर और खलासी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

घटना के बाद सड़क पर बिखरे शव देख लोगों के होश उड़ गए। मौके पर जिले के पुलिस अधिकारी पहुंच कर राहत बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कछवां थाना क्षेत्र के कटका हाईवे पर कार अनियंत्रित होने से हुए हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज से वाराणसी जा रही कार राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका भारत पेट्रोलियम के समीप अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में घुस गई। जिसमें सवार पिता- पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक ड्राइवर व खलासी खाना खाने के बाद अपने ट्रक के पास जा रहे थे कि अनियंत्रित कार की चपेट में आ गए। जिससे ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे भदोही मंडलीय अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में खलासी ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में कार में सवार पिता श्यामकृष्ण यादव और पुत्र अनुराग यादव के साथ ही अज्ञात ट्रक ड्राइवर व खलासी शामिल हैं।

## सहारनपुर में कार पर पलटा तेज रफ्तार डंपर, चार लोगों की दर्दनाक मौत




**सहारनपुर।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला एक परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार गांव की सीमा पार कर- के एक्सप्रेसवे पर पहुंची, उसी समय देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा एक डंपर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार को अचानक सामने देखकर डंपर चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। नियंत्रण खोने पर डंपर सीधे कार के ऊपर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह डंपर के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार में मौजूद चार लोगों की मौके पर मौत होने की बात सामने आई है, जिनमें एक बच्ची भी शामिल है। हालांकि अभी तक मृतकों या घायलों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में जुटे हैं। कार में सवार परिवार कहां जा रहा था। इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात रोककर बचाव कार्य चलाया गया। फिलहाल पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच जारी है। हादसे के बाद लोगों में रोष फैल गया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और एक्सप्रेस वे पर जाम लगा दिया। लोगों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। फिलहाज मौके पर जाम की स्थिति बनी हुई है।



## ब्रह्मकुमारीज के कार्यक्रम में पहुंचीं राष्ट्रपति

**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन में शुक्रवार को ब्रह्मकुमारीज संस्थान की ओर से राज्यस्तरीय ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची हैं। उनके साथ सीएम योगी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद हैं। इससे पहले एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। बिना पास और जांच के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया।

## श्रीलंका में बाढ़-भूस्खलन से 56 लोगों की मौत, 600 से ज्यादा घर तबाह; स्कूल-दफ्तर बंद

**कोलंबो।** श्रीलंका में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के चलते हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देशभर में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। बिगड़ते हालात को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया।

बता दें कि पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं।



# इमरान जेल में जिंदा हैं या नहीं

## बेटे ने सबूत मांगा, पाकिस्तान में 4 दिन से प्रदर्शन



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लंबे समय से उनके परिवार से नहीं मिलने दिया गया है। इसी मामले को लेकर इमरान खान के छोटे बेटे कासिम खान ने एक सार्वजनिक अपील में शहबाज शरीफ की सरकार पर अपने पिता को पूरी तरह से अलग-थलग रखने और परिवार की पहुंच से दूर करने का आरोप लगाया है।

एक्स पर एक कड़े शब्दों वाली पोस्ट में उन्होंने कहा कि परिवार के पास उनके जिंदा होने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने पोस्ट में चेतावनी दी कि पिता इमरान की सुरक्षा के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इमरान खान के बेटे कासिम राजनीति से दूर हैं और ज्यादातर पाकिस्तान से बाहर रहते हैं। कासिम ने बताया कि इमरान खान 845 दिन से गिरफ्तार रहे हैं और अब छह हफ्तों से मौत की सजा वाली कोठरी में बंद हैं। पूर्व क्रिकेट स्टार और राजनेता इमरान खान को कई मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है, जिन्हें उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राजनीति से प्रेरित बताती है।

**'नहीं मिले जिंदा होने के सबूत', बोले इमरान के बेटे कासिम**

उनके बेटे कासिम और सुलेमान, अपनी मां जेमिमा गोल्डस्मिथ के साथ ब्रिटेन में पले-बढ़े हैं। वे पाकिस्तानी राजनीति पर सार्वजनिक रूप से शायद ही कभी टिप्पणी करते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान सरकार ने एक महीने से ज्यादा समय से इमरान खान से परिवार के मिलने पर अघोषित प्रतिबंध लगा रखा है।

कासिम ने कहा कि इमरान खान को तमाम अदालती आदेशों के बावजूद बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'उनकी बहनों को मिलने नहीं दिया गया। न फोन किया गया, न मुलाकात हुई और न ही उनके जिंदा होने का कोई सबूत मिला।' उन्होंने कहा, 'मेरा और मेरे भाई का अपने पिता से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।'

कासिम ने पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, 'यह पूरी तरह से ब्लैकआउट कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं है। यह उनके हालात को छिपाने और हमारे परिवार को यह जानने से रोकने की एक जानबूझकर की गई कोशिश है कि वह सुरक्षित हैं या नहीं।' उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तानी सरकार को मेरे पिता की सुरक्षा और इस अमानवीय हालात के नतीजों के लिए कानूनी, नैतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने इस मामले में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दखल देने का भी अनुरोध किया है।

**पीटीआई ने मांगा जिंदा होने का सबूत**

शहबाज सरकार के आश्वासनों के बावजूद पीटीआई ने आधिकारिक प्रतिक्रिया और परिवार से तत्काल संपर्क की मांग की है। पार्टी का कहना है कि इस अनिश्चितता ने ऑनलाइन बेतुकी अफवाहों को हवा दी है, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि इमरान खान की जेल के अंदर हत्या कर दी गई है।

**पाकिस्तान प्रशासन ने किया मौत की अफवाहों का खंडन**

अडियाला जेल प्रशासन ने इमरान खान को कहीं और ले जाने या उन्हें नुकसान पहुंचाने की अटकलों को बेबुनियाद बताया। अधिकारियों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें पूरा चिकित्सीय ध्यान मिल रहा है। पाकिस्तानी सरकार के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पीटीआई संस्थापक को अन्य कैदियों से बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इमरान को ऐसा मेन्यू मिल रहा था जो किसी पांच सितारा होटल में भी नहीं मिलता है।



## हॉन्गकॉन्ग में लगी आग से अब तक 94 की मौतः 280 से ज्यादा लापता

**ताइ पो।** हॉन्गकॉन्ग के 'ताइ पो' जिले के रिहायशी कॉम्प्लेक्स में बुधवार को लगी आग से अब तक 94 लोगों की मौत हो गई, जबकि 280 से ज्यादा लापता है। इस हादसे में 76 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर है। अधिकारियों का कहना है कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। सरकार ने इस हादसे की क्रिमिनल जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। आरोप है कि उन्होंने नियमों के मुताबिक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे यह हादसा हुआ। कॉम्प्लेक्स में जुलाई 2024 से कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। अधिकारियों का कहना है कि स्टायरोफोम जैसी ज्वलनशील सामग्री और बाहर लगी जाली के कारण आग तेजी से फैली। इसी वजह से फ्लैट्स और गलियारों में आग फैल गई। हॉन्गकॉन्ग के चीफ एग्जीक्यूटिव अधिकारी जॉन ली का-चिउ ने कहा है कि सभी पब्लिक हाउसिंग प्रोजेक्ट की पूरी जांच की जाएगी और वांग फुक कोर्ट में लगी आग के कारणों का पता लगाया जाएगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी इस हादसे पर शोक जाहिर किया और कहा कि सभी लोगों की मदद की सभी कोशिश की जाएं ताकि नुकसान कम से कम हो।

## हर्ष फायरिंग के दौरान भाजपा नेता की मौत

**बुलंदशहर।** जिले के चोला थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करना महंगा पड़ गया। यहां हर्ष फायरिंग के दौरान की गई गोली लगने से भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ककोड़ थाना क्षेत्र के अजयनगर से शिवम की बारात चोला थाना क्षेत्र के खानपुर में आई थी। लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग करने वाले शख्स की पहचान सुग्रीव के तौर पर की गई है। फायरिंग के दौरान भाजपा नेता धर्मेंद्र भाटी उसके सामने ही कुर्सी पर बैठा था। तभी गोली चल गई और उसे जा लगी। आनन-फानन में धर्मेंद्र भाटी को नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शिवम नाम के शख्स की शादी खानपुर में तय थी। 27 नवंबर की रात बारात की रस्में चल रही थीं। दूल्हा बाढ़ौती की रस्म के लिए दरवाजे पर पहुंचा, उसी दौरान लड़की के परिवार में मौजूद सुग्रीव सोलंकी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बार-बार ट्रिगर दबाने के बाद भी पिस्टल नहीं चली। जबरन फायर करवाने की कोशिश में अचानक गोली चल गई।

## कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर हुई फायरिंग की साजिश में शामिल शूटर बंधु मान सिंह को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मास्टरमाइंड का संबंध गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से है और घटना के बाद वह भारत लौट आया था। बताया जा रहा है कि सेखों की लिंक लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन से भी थी। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की यह गिरफ्तारी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। दिल्ली क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार किया गया आरोपी बंधु मान सिंह कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर हुई गोलीबारी का मुख्य शूटर बताया जा रहा है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इसी शख्स ने कैफे पर फायरिंग की साजिश को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## व्हाइट हाउस के पास हमले में महिला सैनिक की मौत

**वॉशिंगटन डीसी।** सारा बेकस्ट्रॉम की उम्र 20 साल थी। उन्होंने 2023 में मिलिट्री पुलिस यूनिट जॉइन की थी। सारा बेकस्ट्रॉम की उम्र 20 साल थी। उन्होंने 2023 में मिलिट्री पुलिस यूनिट जॉइन की थी।

अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास बुधवार को हुए हमले में घायल महिला नेशनल गार्ड सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ट्रम्प ने बताया कि दूसरे सैनिक एंड्रयू वॉल्फ की हालत सीरियस है।



दोनों वेस्ट गाड्र्स वर्जीनिया नेशनल गार्ड से जुड़े थे और अगस्त की शुरूआत में एक सुरक्षा मिशन पर वॉशिंगटन डीसी भेजे गए थे।

ट्रम्प ने कहा- 'सारा अब हमारे बीच नहीं हैं और उनके माता-पिता इस समय बेहद दुख में हैं। बेकस्ट्रॉम प्रतिभाशाली नेशनल गार्ड थीं।' सारा जून 2023 में मिलिट्री पुलिस यूनिट में भर्ती हुई थीं। एक अफगानिस्तानी हमलावर ने कल फैरागट वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास सारा को सीने और सिर में गोली मारी थी। इसके बाद उसने एंड्रयू पर फायर किया था। उसी समय पास ही मौजूद तीसरे गार्ड ने चार गोलियां चलाईं, जिसके बाद हमलावर को काबू कर लिया गया।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी के पास अंडरग्राउंड मदरसा, जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को अल फलाह यूनिवर्सिटी से सिर्फ. 900 मीटर दूर एक अंडरग्राउंड मदरसे का पता चला है। यह मदरसा फरीदाबाद के धौज में एक गांव के पास पूरी तरह से सुनसान इलाके में है। 4,000-5,000 २० ।३ में फैले इस मदरसे की अजीब बनावट है। यह जमीन से करीब 7 फीट नीचे है। मदरसे का सिर्फ. 3 फीट का छोटा सा स्ट्रक्चर जमीन से ऊपर दिख रहा है। दीवारें बहुत मोटी हैं और पूरे अंडरग्राउंड हिस्से के चारों ओर प्लेटफॉर्म जैसे स्ट्रक्चर हैं।

जांच करने वालों के मुताबिक इसका डिजाइन किसी आम मदरसे से मेल नहीं खाता है। यह प्रॉपर्टी मौलाना इश्तेयाक के नाम पर रजिस्टर्ड है, जिसने पहले मुजम्मिल शकील को एक कमरा किराए पर दिया था। मुजम्मिल शकील आतंकी उमर उन-नबी का साथी है, जिसने 10 नवंबर को लाल किले के पास कार में ब्लास्ट किया था। इस ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हो गई थी।




मुजम्मिल से पूछताछ के दौरान मौलाना इश्तेयाक का नाम सामने आया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जांच एजेंसियों को पता चला है कि जिस प्रॉपर्टी डीलर ने मौलवी के लिए जमीन का सौदा करवाया था, उसे अभी तक पूरा पेमेंट नहीं मिला है। अभी तक कोई पेपरवर्क नहीं हुआ है। मौलवी के परिवार ने कहा कि उन्होंने मदरसे के लिए प्लॉट खरीदने के लिए एक जमीन बेची थी और यह अभी भी बन रहा है। एजेंसियां ??मदरसे की फंडिंग के सोर्स, इसके कंट्रीब्यूटर, एसोसिएट और संस्था चलाने के इरादे की भी जांच कर रही हैं। मुजम्मिल कंट्रीब्यूटर में से एक है।

कुछ दिन पहले जांच एजेंसियों और फरीदाबाद पुलिस ने भी मदरसे का दौरा किया और आस-पास के लोगों से पूछताछ की। मौलाना इश्तियाक के परिवार ने माना कि उन्होंने अपना घर मुजम्मिल को किराए पर दिया था, लेकिन दावा किया कि मौलवी बेगुनाह है। उन्होंने कहा कि वे मुजम्मिल को पहले से नहीं जानते थे और उन्हें लगता था कि वह किसी भी आम किराएदार जैसा ही है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025


# तेज रफ्तार कार ने बारातियों को रौंदा, बच्चे की मौत, 20 घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** देर रात रसूलपुर थाना क्षेत्र के मोमीन नगर में एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने शादी समारोह में शामिल बारातियों को रौंद दिया, जिसमें 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

यह घटना देर रात की है। जब लेबर कॉलोनी निवासी आरिफ का पुत्र आहिल (9) अपनी चाची शाहिन और अन्य परिजनों के साथ मोमीन नगर में एक शादी समारोह में भात चढ़ाने जा रहा था। ओमप्रकाश यादव के घर के सामने से गुजरते समय एक तेज रफ्तार कार के अज्ञात चालक ने नियंत्रण खो दिया और भीड़ में घुस गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल आहिल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में इरशाद, सलमा, आयशा, अनम, नगमा, सुमेरा, फिजा, शाहिद, अहद, इबाद, अहमद, आतिफ, कैफ समेत 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में जारी है। प्रत्यक्षदर्शी इरफान पुत्र उस्मान ने बताया कि कार चालक तेज रफ्तार से भीड़ में घुसा और घटना स्थल से फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक आहिल के शव को बड़ी मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# बांकेबिहारी के दर्शन के लिए बदल जाएगी व्यवस्था

## आईआईटी रुड़की की टीम ने दी सलाह

एनएनआई

**मथुरा।** नए साल पर देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आराध्य श्रीबांकेबिहारी महाराज के दर्शन के साथ नए साल की शुरूआत करेंगे। इसके लिए दिसंबर के आखिरी सप्ताह में ही श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आना शुरू हो जाएगा।

इसे लेकर श्रीबांकेबिहारी मंदिर हाईपावर्ड प्रबंध कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी हैं। कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार के निर्देशन में भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं को सुगम और सहज दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए रेलिंग व्यवस्था की जाएगी। इसे लेकर तैयारी चल रही है। कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने सदस्यों के साथ बृहस्पतिवार को मंदिर की व्यवस्था को देखा और बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि रेलिंग की व्यवस्था के लिए कमेटी ने आईआईटी रुड़की के इंजीनियर को नामित किया है। वह एक बार मंदिर की व्यवस्था को देख चुके हैं। उनकी टीम एक बार मंदिर का सर्वे करेगी। इसी बीच कमेटी द्वारा ड्राइंग बनाई जाएगी। उसी के अनुसार रेलिंग लगाई जाएगी, ताकि



श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के सुगम दर्शन हो सकें। उन्होंने कहा कि नव वर्ष से पहले ही दिसंबर के आखिरी सप्ताह में रेलिंग से मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवेश कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए दो हफ्ते में रुड़की के इंजीनियरों की टीम आकर यहां सर्वे करेगी। इसके बाद आगे योजना और रेलिंग व्यवस्था की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें ठाकुरजी के बैंक में जमा धन का अधिकतम ब्याज मिल सके, इसे लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य मुकेश मिश्रा, एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ संदीप सिंह, मंदिर प्रबंधक मुनीश कुमार, उमेश सारस्वत आदि मौजूद रहे।


# विदाई से पहले दुल्हन की बेहोश होकर गिरी, जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**हाथरस** एनएनआई। जिले में एक दुल्हन की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। परिवार के लोग उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि घबराहट और बेचैनी के कारण दुल्हन की यह हालत हुई है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

देर रात दुल्हन को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। दूल्हा दुर्गेश भी अस्पताल में दुल्हन के साथ गुमसुम बैठा रहा। उसने बताया कि उसकी पत्नी को अचानक घबराहट हुई, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। यह घटना कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव धौरपुर की निशा नामक युवती की शादी से संबंधित है। उसकी शादी हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी दुर्गेश के साथ हुई थी। शादी की सभी रस्में पूरी हो चुकी थीं। दुल्हन की हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग और रिश्तेदार भी परेशान दिखाई दिए।

# सड़क पार कर रही चाची-भतीजी को कार ने रौंदा, बच्ची की मृत्यु

**मथुरा** एनएनआई। सड़क पार करते समय मथुरा-वृंदावन मार्ग पर गुरुवार दोपहर दो बजे अज्ञात वाहन ने चाची और भतीजी को रौंद दिया। हादसे को देख आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने आठ वर्षीय भतीजी को मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला का उपचार जारी है। अहिल्यागंज निवासी पुष्पा अपनी आठ वर्षीय भतीजी दिव्या के साथ गुरुवार दोपहर दो बजे सड़क पार कर रही थी। तभी वृंदावन से मथुरा की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने उन दोनों को रौंद दिया। इसमें भतीजी दिव्या की मृत्यु हो गई। जबकि पुष्पा गंभीर घायल हैं।



महिला एवं पुरुष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ



1 – अनुभवी – शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी ।
2 – सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा ।
3 – सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा ।
4 – यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी ।
5 – लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 – लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 – एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 – ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।
जे.डी एकेडमी

जे.डी एकेडमी
पता:- तोमर कॉम्पलैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा
डायरेक्टर :- जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

# पत्नी के प्रेमी ने कराया था जानलेवा हमला

## 10 हजार रुपये में दी थी सुपारी, पुलिस ने तीन किए अरेस्ट

एनएनआई



**आगरा।** युवक के सिर में मारा सूजा..पत्नी के प्रेमी ने कराया था हमला, आगरा के थाना न्यू आगरा के अबुल उलाह कट पर ई-व्हीकल कंपनी के कर्मचारी पर सूजे से जानलेवा हमला उसकी पत्नी के प्रेमी ने कराया था। 21 नवंबर को हुई घटना का खुलासा बृहस्पतिवार को पुलिस ने किया। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

न्यू आदर्श नगर, बल्केश्वर निवासी पीड़ित युवक सिकंदरा के पश्चिमपुरी स्थित ई व्हीकल बेचने वाली कंपनी में काम करता है। उन्होंने बताया था कि शुक्रवार रात तकरीबन 9 बजे वो स्कूटी से घर लौट रहे थे। अबुल उलाह दरगाह कट के पास पीछे से बाइक पर दो हमलावर आए थे। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहन रखा था। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने चेहरे को कपड़े से ढका हुआ था। अचानक उसने सूजा निकाला और सिर में घोंप दिया था। सूजा सिर में ही फंसा रह गया था। रास्ते से गुजर रहे कर्मयोगी एन्क्लेव, कमला नगर निवासी संतोष गर्ग ने पुलिस को सूचना दी और अस्पताल पहुंचाया था।

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। सर्विलांस से भी साक्ष्य जुटाए गए। एक बाइक नजर आ गई। इस पर पुलिस ने पहचान होने पर तलाश की। बुधवार रात को थाना न्यू आगरा पुलिस ने मुगल रोड पर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो बाइक भी बरामद की। इनमें नुनिहाई (थाना एत्माददौला) निवासी राहुल कुमार, आंवलखेड़ा (बरहन) निवासी जोगेंद्र और करन उर्फ नहना हैं। पुलिस ने उनसे पूछताछ कर वारदात का खुलासा किया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि आरोपी राहुल का संजय प्लेस में फाइनेंस का काम है। घायल युवक की पत्नी राहुल की फर्म में वर्ष 2011 से काम करती थी। इस बीच उनमें प्रेम संबंध हो गए। राहुल महिला के घर भी आने-जाने लगा। उसने शक से बचने के लिए उसके पति से भी दोस्ती कर ली थी। दोनों अक्सर मिलते थे, घूमने भी जाते थे। इस बात की जानकारी पीड़ित युवक को नहीं थी। राहुल ने उसे कुछ रुपये भी उधार दे दिए। दिसंबर 2024 में पति को पत्नी पर शक हो गया। इस पर उसकी पत्नी ने राहुल की फर्म से काम छोड़ दिया। इस कारण वो दोनों मिल नहीं पाते थे। कुछ महीने पहले राहुल का प्रेमिका के पति से झगड़ा भी हो गया था। एसीपी ने बताया कि फाइनेंस कंपनी संचालक ने घर में सफाई का काम करने आने वाले जोगेंद्र से बात की। कहा कि एक व्यक्ति को रास्ते से हटाना है। इसके लिए 10 हजार रुपये देने की बात कही। इस पर जोगेंद्र राजी हो गया। जोगेंद्र ने अपने भाई करन को रुपयों का लालच दिया। 3 महीने पहले भी युवक का पीछा किया था। मगर रास्ते में नहीं मिलने की वजह से वो सफल नहीं हो सके थे। 21 नवंबर को वो सफल हो गए। घटना के बारे में युवक की पत्नी को भी जानकारी नहीं थी। इस कारण ही उन्होंने अज्ञात में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मगर, कैमरों के फुटेज की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही।

# बीकानेर स्वीट्स की जांच रिपोर्ट में घी नकली, बेसन घटिया, पनीर असुरक्षित मिला

एनएनआई

**आगरा।** त्योहारों और खास मौकों पर गुणवत्ता का दावा करने वाले आगरा के प्रसिद्ध बीकानेर स्वीट्स पर एक बार फिर मिलावट के गंभीर आरोप लगे हैं। सिकंदरा निवासी यतीन्द्र यादव की ऑनलाइन शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए ) ने खंदारी स्थित दुकान से लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में ऐसे खुलासे हुए हैं, जो न सिर्फ उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ दर्शाते हैं बल्कि मिलावटखोरों की हकीकत भी उजागर करते हैं।

यतीन्द्र यादव ने शिकायत में बताया कि उन्होंने ऑनलाइन भुगतान कर बीकानेर स्वीट्स से 1 किलो बूंदी के लड्डू खरीदे थे। लड्डू खाने के बाद पूरे परिवार को उल्टी, सिरदर्द और पेट खराब की समस्या हुई। इस गंभीर शिकायत के बाद एफएसडीए की टीम तुरंत दुकान पर पहुंची और बूंदी लड्डू, घी, बेसन, पनीर सहित कई नमूने जांच के लिए भेजे।

फूड सेफ्टी अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट में बूंदी के लड्डू अशुद्ध, घी अशुद्ध (शुद्ध घी के नाम पर भारी मिलावट), बेसन अधोमानक व असुरक्षित (गुणवत्ता बेहद खराब, सेहत के लिए जोखिम), पनीर- अधोमानक व असुरक्षित (बैक्टीरिया स्तर मानक से अधिक) पाए गए हैं। यह रिपोर्ट न सिर्फ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 का उल्लंघन है बल्कि सीधे-सीधे उपभोक्ताओं की जानलेवा लापरवाही है। एफएसडीए अधिकारियों ने साफ किया कि यह मामला साधारण लापरवाही नहीं बल्कि सिस्टमेटिक मिलावट की ओर इशारा करता है। आगरा जैसे बड़े शहर में नामी प्रतिष्ठान भी यदि अशुद्ध घी, घटिया बेसन और असुरक्षित पनीर बेच रहे हैं, तो यह उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर खुला हमला है विशेषज्ञों के अनुसार अधोमानक पनीर में बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं। अशुद्ध घी से फूड पॉइजनिंग और लिवर संबंधी खतरे बढ़ते हैं खराब बेसन में फफूंदी व रासायनिक मिलावट पाई जा सकती है और बूंदी लड्डू में मिलावट बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है। यतीन्द्र यादव के परिवार को हुई तबीयत बिगड़ने की शिकायत भी मिलावट के दुष्प्रभाव से जुड़ी मानी जा रही है।

# टीचर और उसकी बेटी ने युवती को डंडे से पीटा

एनएनआई

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र की अवधपुरी कॉलोनी में एक महिला टीचर और उसकी बेटी के आतंक से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। ताजा मामला एक पड़ोस में रहने वाली युवती पर हुए हमले का है, जिसका सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद कॉलोनी में फिर से हड़कंप मच गया है। फुटेज में महिला टीचर को युवती पर डंडा बरसाते और दबंगई दिखाते स्पष्ट देखा जा सकता है।

पीड़ित युवती के परिजनों के अनुसार पड़ोस की यह महिला टीचर पहले अक्सर गालियां देती थी। घटना वाले दिन भी उसने युवती को अपमानित किया। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो महिला टीचर डंडा लेकर बाहर आई और उसके सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे युवती खून से लथपथ हो गई। हमले की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसे कॉलोनीवासियों ने सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो वायरल होते ही पूरे इलाके में तनाव और नाराजगी फैल गई।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय लोग वर्षों से महिला टीचर और उसकी बेटी की दबंगई से त्रस्त हैं। पूर्व में दोनों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। 22 मार्च 2025 को भी एक गंभीर मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि महिला टीचर राह चलते लोगों और बच्चों पर एयरगन से छर्रे चलाती है। कई बच्चे एयरगन के छर्रों से घायल भी हुए थे। दिन और रात दोनों समय लोगों पर फायरिंग करने की शिकायतें आती थीं। कॉलोनी के निवासी कहते हैं कि हर कोई डर में रहता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। आए दिन किसी न किसी पर हमला या गाली-गलौज की घटना होती रहती है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। थाना जगदीशपुरा पुलिस का कहना है कि वायरल फुटेज और पूर्व शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# 'धरती हमारी माता है, वृक्ष हमारे भ्राता हैं'

एनएनआई





**एत्मादपुर।** हम शपथ लेते हैं कि धरती हमारी माता है, वृक्ष हमारे भ्राता हैं नारे को साकार करने के लिए स्वयं कार्य करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। यहां आगरा-कानपुर हाइवे स्थित ग्रामीण विकास एवं स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसेट) धरैरा में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के समापन समारोह में लाभार्थी प्रशिक्षु युवाओं ने मुख्य अतिथि उपक्षेत्रीय वन अधिकारी महेंद्र सिंह के आह्वान पर एक स्वर में पर्यावरणीय विरोधी कृत्य करने वालों से वन और वन्य जीवों की रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया तो समूचा सभाकक्ष तालियों से गूंज उठा।

एत्मादपुर वन रेंज के उपक्षेत्रीय वन अधिकारी महेंद्र सिंह ने प्रशिक्षु युवाओं से वन एवं, वन्य जीवों का मानव जीवन में महत्व और इनके अभाव से बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण से मानव जीवन पर होने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई कि वह अपने स्वरोजगार का आरंभ एक वृक्ष का रोपण करने के पश्चात ही करें। लोगों को वनों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करें। वन्य जीव या वनों को क्षति पहुंचाने वालों की तुरंत वन विभाग में शिकायत दर्ज कराएं। क्षेत्रीय वन अधिकारी पुनीता यादव ने बताया कि वनों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता लाने को विभाग लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्कूलों, संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में कर रहा है। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने प्रशिक्षु युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ संकाय सहायक ब्रज मोहन, दिनेश तोमर, वन दारोगा यतेंद्र सिंह, वन रक्षक प्रेमवीर सिंह, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# डीजे बंद करने पर विवाद, महिलाओं की पिटाई

**आगरा** एनएनआई। थाना शाहगंज के अर्जुन नगर में एक बीमार युवक को पड़ोस में बज रहा डीजे बंद करने के लिए कहना भारी पड़ गया। आरोप है कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद दूसरे दिन पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिलाओं की पिटाई की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

अर्जुन नगर निवासी जगवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 19 नवंबर की रात लगभग 10:30 बजे पड़ोसी वीरेंद्र सिंह के घर तेज आवाज में डीजे बज रहा था। वह बीमार थे, उन्होंने डीजे से हो रही परेशानी बताकर बंद करने के लिए कहा। उन्होंने बंद नही की। पुलिस बुलाने की कहने पर वीरेंद्र ने डीजे की आवाज कम करा दी। जगवीर ने बताया कि दूसरे दिन वह पत्नी और बहू के साथ घर पर थे। दोपहर करीब 12 बजे विपिन, माघवेंद्र व कालू घर में घुस आए। उनके हाथों में लाठी-डंडे थे। विपिन और माघवेंद्र ने घर के अंदर उनकी पत्नी व बहू की पिटाई की। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 28 नवम्बर, 2025


## जिलाधिकारी ने किया एसआईआर डिजिटाइजेशन सेंटर का निरीक्षण

- शिफ्टवार बीएलओ,सुपरवाइजर व ऑपरेटर की ड्यूटी लगा कर गणना पत्र फीडिंग के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश
- 04 दिसंबर है अंतिम तिथि,मतदाता अपने बीएलओ को गणना पत्र भर कर कराएं उपलब्ध



एनएनआई

**आगरा।** गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारीअरविंद मल्लप्पा बंगारी ने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर)-2026 के अंतर्गत मतदाता गणना पत्रों के डिजिटाइजेशन हेतु नगर निगम स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में बनाए गए गणना पत्र फीडिंग सेंटर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी महोदय ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर में उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइजर को प्रेरित किया तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि जनपद की शहरी क्षेत्र में स्थित 87-आगरा कैंट विधानसभा,88- आगरा साउथ व 89- आगरा नॉर्थ विधानसभाओं में एसआईआर के तहत गणना पत्र वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन के कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए डिजिटाइजेशन कार्यों में तेजी लाने हेतु स्मार्ट सिटी ऑफिस में गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर बनाया गया है जहां 40 से अधिक ऑपरेटर, संबंधित विधानसभाओं के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ गणना पत्र डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं।

जिलाधिकारी महोदय ने विधानसभावार गणना पत्र संकलन तथा उनके डिजिटाइज की जानकारी ली तथा शिफ्टवार ड्यूटी लगा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे बीएलओ जिनके द्वारा गणना फॉर्म का संकलन तो किया गया है लेकिन उन्हें डिजिटाइज नहीं कर पा रहे थे या उन्हें डिजिटाइजेशन में कठिनाई आ रही थी उनको चिह्नित कर उन्हें सहयोग किया जा रहा है तथा उन सभी बीएलओ के फार्म यहां डिजिटाइज किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए गणना पत्र की प्रविष्टियों को सही-सही भरें, सभी मतदाता मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण-संकलन का कार्य किया जा रहा है,बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं तथा गणना प्रपत्र का संकलन कर रहे हैं। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल वापस दे दें। यदि फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो तत्काल हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर अपना फार्म भरकर बीएलओ को जमा करें। अन्तिम दिनांक 04 दिसम्बर 2025 का इन्तजार न करें, किसी भी प्रकार की सूचना के लिए बूथ पर तैनात बीएलओं से सम्पर्क करें,।

## नगर निगम कर्मचारी समन्वय समिति का प्रस्तावित विशाल प्रदर्शन टला

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम कर्मचारी समन्वय समिति द्वारा 28 नवंबर को प्रस्तावित विशाल प्रदर्शन एवं धरने को टाल दिया है। नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों की नियुक्ति, मृतक आश्रितों को नौकरी, विनियमितीकरण, एसीपी भुगतान, वर्दी वितरण सहित अन्य वैधानिक मामलों में अत्यधिक विलंब के चलते कर्मचारी समन्वय समिति की ओर से विशाल प्रदर्शन और सांकेतिक धरने की घोषणा की गई थी।इसी को लेकर गुरुवार को नगर आयुक्त ने कर्मचारी नेताओं से बात की। आगरा नगर निगम के साथ हुई बैठक के बाद नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कर्मचारियों की मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।कर्मचारी नेताओं का प्रमुख मुद्दा था 1000 सफाई की कर्मचारियों की नियुक्ति। इस पर नगर आयुक्त ने बताया- इसके लिए टेंडर हो चुका है, जल्द ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।कर्मचारी का कहना था-26 लाख की जनसंख्या वाले शहर में सफाई मानकों के अनुसार 7500 सफाई कर्मचारी होने चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल 4514 कर्मचारी कार्यरत हैं। समिति ने 2994 सफाई कर्मियों की त्वरित नियुक्ति की मांग की। इसको लेकर शासन को पत्र लिखा जाएगा। मृतक आश्रितों की नियुक्ति के मामले में जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ने बताया-अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को जल्द से जल्द नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मियों के विनियमितीकरण के लिए लिस्ट निकलवा कर शासनादेश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। शीतकाल में स्थायी एवं पात्र कर्मियों को वर्दी वितरित करने की मांग पर अपर नगर आयुक्त और सहायक नगरआयुक्त को यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समन्वय समिति की ओर से वार्ता में सफाई कर्मचारियों के नेता श्याम कुमार करूणेश, हरिबाबू बाल्मीकि, प्रदेश अध्यक्ष सुन्दर बाबू चंचल, संतोष डागौर और वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विनोद इलाहाबादी आदि मौजूद थे।

## विकास कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

एनएनआई




**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गुरूवार को विकास भवन सभागार मे सी०एम०आई०एस पोर्टल पर प्रदर्शित 1.00 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक जनपद की समस्त कार्यदायी संस्थाओं के साथ की गई।

जनपद में 308 परियोजनाएं संचालित हैं जिसमें से 206 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। तथा 102 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। अवशेष 10 परियोजनाओं मे से 81 परियोजनाओं में कार्य समय सीमा के अन्तर्गत किया जा रहा है अवशेष 21 परियोजनाएं समय सीमा से विलम्बित चल रही है। विलम्बित चल रही परियोजनाओं के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह मे सम्बन्धित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए पूर्णता की तिथि को संशोधित कराया जाना सुनिश्चित करें। जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उन्हें नियमानुसार सम्बन्धित विभाग को हस्तगत कराने के निर्देश बैठक में दिए गये।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को

- दीवानी न्यायालय में 10 से 12 दिसंबर तक लघु अपराध से संबंधित वादों की विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** गुरूवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर मा० जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा, श्री संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में जनपद आगरा में-दिनांक 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष में दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा अपने विश्राम कक्ष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत आगरा, हिमांशु गौरव, पुलिस उपायुक्त, आगरा/प्रतिनिधि यातायात आगरा, डीडीओ रेनू कुमारी, तथा ऋषिकेश बैनर्जी, लीड डिस्ट्रीक्ट मैनेजर, केनरा बैंक, आगरा के साथ आज समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करें तथा आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करें, साथ ही अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किए जाने के लिये निर्देश भी दिए गए।



# आम चुनौतियों का समाधान भागवत गीता में छिपा है

## डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में व्याख्यान माला का शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के इतिहास एवं सांस्कृतिक विभाग तथा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस के बीच हुए एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में भगवत गीता के अनुसार जीवन जीने की कला विषय पर एक व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में किया गया उन्होंने इस अनूठे शैक्षणिक-सांस्कृतिक सहयोग के लिए और विश्वविद्यालय के दोनों विभागों को हार्दिक बधाई दी, कुलपति महोदया ने इस व्याख्यान माला को विश्वविद्यालय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्य वक्ता के रूप में से अरविंद स्वरूप प्रभु ने लगभग डेढ़ घंटे के ओजस्वी एवं प्रेरक उद्बोधन में अभियांत्रिकी के छात्र-छात्राओं के सामने भगवद्गीता के गूढ़ रहस्यों को अत्यंत सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत



किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि पढ़ाई का अत्यधिक दबाव, करियर की चिंता, पारिवारिक अपेक्षाएं, रिलेशनशिप संबंधी समस्याएं तथा मानसिक तनाव जैसी आज की पीढ़ी की आम चुनौतियों का समाधान श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांतों में छिपा है। प्रभु जी ने गीता के कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्तियोग के सिद्धांतों को आधुनिक जीवन की दिनचर्या, टाइम मैनेजमेंट, लक्ष्य निर्धारण और स्ट्रेस मैनेजमेंट से जोड़कर समझाया। छात्रों ने बीच-बीच में अपने जीवन की वास्तविक समस्याएं साझा कीं, जिनका प्रभु जी ने तत्काल समाधान प्रस्तुत किया।

# लायंस क्लब ने वितरित की शैक्षणिक सामग्री

एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब आगरा फ़्लेमिंगो ने गुरूवार को एम. एम. शेरी स्कूल में एक सार्थक सेवा गतिविधि का आयोजन किया। क्लब द्वारा विद्यालय को वॉटर कूलर प्रदान किया गया, ताकि छात्रों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही बच्चों को कलरिंग बुक, रंग, पेंसिल, रबर एवं शार्पनर जैसी शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई।



वॉटर कूलर का शुभारंभ छल्ल अजय भार्गव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब संगिनी की अध्यक्ष छल्ल सोनालिका अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। क्लब की ओर से अध्यक्ष छल्ल रितिका अग्रवाल, सचिव छल्ल सलोनी महेश्वरी, कोषाध्यक्ष छल्ल दीपा अग्रवाल, तथा अदिति, गीतिका, श्रद्धा और आकांक्षा भी उपस्थित रहीं और सेवा कार्य में सक्रिय रूप से शामिल हुईं।

# आगरा से हरिद्वार के लिए नई रेल सेवा चलाने की मांग

## राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने की केंद्र सरकार से मांग



**आगरा** (एनएनआई)। सांसद नवीन जैन ने अपने पत्र में बताया कि आगरा से हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा शहर, बुलंदशहर और हापुड़ होते हुए मेरठ, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार तक कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। इस कारण यात्रियों को सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ता है, जिससे यातायात दबाव बढ़ता है और दुर्घटनाओं तथा प्रदूषण की स्थिति भी गंभीर होती जाती है। उन्होंने कहा कि जब कभी मथुरा और दिल्ली के बीच रेलवे स्टेशन पर किसी भी प्रकार का आकस्मिक कार्य होता है, तब भी आगरा से हरिद्वार जाने वाली रेलगाड़ी इसी मार्ग से आगरा-एत्मादपुर-हाथरस होते हुए गंतव्य को जाती है। जनहित का हवाला देते हुए सांसद जैन ने इंटरसिटी, उत्कल एवं उज्जैनी रेलगाड़ियो जैसी रेलगाड़ी आगरा से हरिद्वार मार्ग पर शुरू करने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़क मार्ग पर बढ़ते दबाव में भी कमी आएगी। सांसद नवीन जैन ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय इस मांग पर गंभीरता से कार्रवाई करेगा और जल्द ही क्षेत्र की जनता को एक नई रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

# नींब करौरी बाबा जन्मोत्सव पर राम-नाम की गूंज में डूबा शहर

## अखंड हनुमान चालीसा पाठ के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय दिव्य अनुष्ठान

एनएनआई

**आगरा।** हनुमान चालीसा पाठ समिति एवं समर्थवान संस्था द्वारा नींब करौरी बाबा के 125वें जन्मोत्सव के अवसर पर नामनेर स्थित प्राचीन आदिशक्ति माँ दुर्गा देवी मंदिर पर दो दिवसीय संगीतमय अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ हुआ। संस्थापक अध्यक्ष पं. मनीष शर्मा ने बताया कि हनुमान चालीसा की हर चौपाई महामंत्र के समान है। इसका सतत पाठ भय, दुःख, आतंक, शरीर रोग व मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाता है। आत्मविश्वास बढ़ाता है, कार्यक्षेत्र व परीक्षा में सफलता प्रदान करता है। संस्था से जुड़े मनोज गर्ग ने बताया कि 24 घंटे तक चलने अखंड पाठ से बदलते समय में बच्चों को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मूल्यों से जोड़ने का प्रयास है। स्कूलों को सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। किन्नर समाज के सदस्यों ने भी मंदिर पर पहुंचकर हनुमान चालीसा की चौपाइयों का पाठ किया, जिससे कार्यक्रम का आध्यात्मिक महत्व और बढ़ गया। दिव्य अनुष्ठान में बड़ी संख्या में शहर के समाजसेवियों ने राम नाम लेखन महायज्ञ में भाग लिया। मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और राम नाम की गूंज से सराबोर रहा। देर रात में भी आसपास की कॉलोनी के श्रद्धालु हनुमान चालीसा की चौपाई का पाठ पढ़ने पहुंचे।



### आज होगा हनुमान चालीसा पाठ विराम

अखंड हनुमान चालीसा पाठ का विराम शुक्रवार को प्रातः 11 बजे होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महंत गोपी गुरु, सुरेश चन्द गर्ग, मनीष अग्रवाल, प्रवीण कोहली, आशीष जैन, अमन कोहली, राजकुमार शर्मा, अमित शर्मा, माधव शर्मा, राकेश शर्मा, रितु शर्मा, आकाश रावत, जतिन आदि मौजूद रहे।

# कन्हैया झूले पलना नेक धीरे झौंटा दीजो...

## श्रीराधा हमारी गोरी गोरी नवल किशोरी, कन्हैया मेरा कारो है...

एनएनआई

**आगरा।** माखन चोरी और महारास, गोवर्धन जैसी लीलाओं ने जहां भक्तों को भाव विभोर कर दिया वहीं बालक कृष्ण के पूतना वध और शकटासुर, अघासुर, तृणावर्त, बकासुर का वध करने पर कथा स्थल राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। श्रीकृष्ण के दर्शन करने पहुंचे शिवजी के प्रसंग का वर्णन हुआ भक्तों का मन भी भक्ति में झूमने नाचने लगा। कोठी मीना बाजार में श्रीमद्भावत कथा के पांचवे दिन व्यास पीठ से बैठकर कथा वाचक भगवताचार्य दिनेश दीक्षित जी ने गोवर्धन पूजा व श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग कहे। बोदला, महारानी बाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज मानों कथा स्थल गोकुल बन गया। नन्दोत्सव की उमंग हर ओर बिखरी थी। हर बृजवासी कन्हैया के जन्म का उत्सव मना रहा था। कन्हैया झूले पलना, नेक धीरे झौंटा दीजो..., नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... और श्रीराधा हमारी गोरी गौरी,



नवल किशोरी... जैसे भजनों पर भक्तजनों भक्ति की गंगा में डूबकर खूब नृत्य किया। गर्ग ऋषि ने कृष्ण नाम के साथ कन्हैया का नामकरण किया। भगवताचार्य दिनेश दीक्षित ने ब्रज रज और ब्रज क्षेत्र में श्रीकृष्ण, राधारानी और यमुना महारानी के महत्व को समझाया। कथा से पूर्व हनुमान चालीसा पाठ का किया गया। मथुरा से आए रामवीर सिंह चौधरी ने चांदी का मुकुट पहनाकर भगवताचार्य का सम्मान किया। कथा विराम पर आरती कर सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह, राजीव सोलंकी, स्नेहलता सोलंकी, सतेन्द्र कटारा, लोकेश, शिवम, प्रिया,, सीमा भदौरिया, अजय सिंह, सुधाकर त्यागी, हेमन्त, ओम बिहारी, लाल सिंह लोधी, अरविन्द दुबे, दिलीप स्वामी, डॉ. लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित थे।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ श्याम 11वां मासिक कीर्तन



**आगरा** (एनएनआई)। श्रीजी सरकार मित्र मंडल द्वारा 27 नवंबर को आयोजित 11वां मासिक निःशुल्क श्री खाटू श्याम कीर्तन खेरिया मोड़ स्थित कुशवाहा कॉलोनी में भक्तिमय वातावरण के साथ सानंद सम्पन्न हुआ। संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चले इस कीर्तन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कर प्रभु श्याम के भजनों का रसास्वादन किया। पूरे कार्यक्रम में श्याम भक्ति का अद्भुत उल्लास देखने को मिला। कीर्तन मंडली ने मनमोहक भजनों व संकीर्तन से श्रद्धालुओं को भाव- विभोर कर दिया। ह्वश्याम नामह्व के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और उपस्थित भक्त भक्ति सागर में सराबोर होते दिखाई दिए मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि मासिक कीर्तन श्रृंखला का उद्देश्य समाज में भक्ति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना हैनिरंतर बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या से संगठन का उत्साह और भी बढ़ा है। इस मौके पर अध्यक्ष मनीष वर्मा, उपाध्यक्ष नितिन कुशवाह,उपाध्यक्ष नवीन कुशवाह, कोषाध्यक्ष मृदुल वार्ष्णेय, महामंत्री सुशील कुशवाहा,प्रचार मंत्री सौरभ श्रीवास्तव,सचिव सुमित बंसल, शिवम वर्मा, अरुण,प्रवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुशवाह, समस्त आदि लोग उपस्थित रहे



# ग्रुप डांस चैंपियनशिप में स्कूली बच्चों का धमाल

## होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में हुई अंतर्विद्यालयी समूह नृत्य प्रतियोगिता

एनएनआई

**आगरा।** सेक्टर-4 आवास विकास स्थित होली पब्लिक जूनियर कॉलेज के सभागार में 7वीं स्वर्गीय श्री हरेश तोमर मेमोरियल अंतर्विद्यालयी समूह नृत्य चैंपियनशिप प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के लगभग 15 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध कत्थक डांसर शिवानी सागर, एवं कोरियोग्राफर दीपक शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के सभी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। शुभारंभ निर्णायक मंडल के साथ स्कूल चेयरमैन संजय तोमर, प्रधानाचार्य सोनिका चौहान, कॉर्डिनेटर ज्योति शर्मा, कत्थक डांसर शिवानी सागर, कोरियोग्राफर दीपक शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम "द आर्ट ऑफ मोशन" रही। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने शानदार व ऊर्जावान प्रस्तुतियां देकर मंच का माहौल रोमांचक बना दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन ने निर्णायक मंडल को निर्णय लेने में असमंजस की स्थिति में ला दिया। मेजबान होली पब्लिक जूनियर कॉलेज के छात्रों ने भी अपनी जबरदस्त प्रस्तुति से दर्शकों को अभिभूत कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा। निर्णायकों ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए, क्योंकि इससे हमारी सांस्कृतिक विरासत संरक्षित रहती है।

स्कूल चेयरमैन संजय तोमर ने कहा कि नृत्य मानवीय अभिव्यक्ति का सशक्त और रसमय माध्यम है। संगीत एवं लय के संग नृत्य हमारे भीतर नई ऊर्जा उत्पन्न करता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में कोरियोग्राफर सौरभ निमल की विशेष भूमिका रही। स्टेज सज्जा में बॉबी कर्दम , शिल्पी जैन, और भानु प्रिया ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल एवं शिक्षक नवीन शर्मा द्वारा किया गया।






### विजेता विद्यालय इस प्रकार रहे

प्रथम स्थान-सिम्पकिन्स पब्लिक स्कूल
द्वितीय स्थान-श्री आर.एस. पब्लिक स्कूल
तृतीय स्थान-शिवालिक कैम्ब्रिज स्कूल
प्रथम सांत्वना पुरस्कार-शारदा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल
द्वितीय सांत्वना पुरस्कार-जी.डी. इंटरनेशनल स्कूल

# कैडेट्स ने मनाया संविधान दिवस

एनएनआई

**आगरा।** संविधान दिवस के अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग आगरा कॉलेज के कैडेट्स ने आगरा कॉलेज के सेमिनार हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें एनसीसी अधिकारी कैप्टन अमित अग्रवाल ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व के महान संविधानों में से एक है, जो हमको हमारे अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध करता है। हमें संविधान निमार्ताओं का कृतज्ञ होना चाहिए कि उन्होंने एक ऐसा संविधान देश को दिया जो सभी को समानता और धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। हमें संविधान के मूल्यों की रक्षा करनी होगी। इस दौरान कैडेट्स ने संविधान में वर्णित कर्तव्यों का पालन करने की शपथ भी ली।

कार्यक्रम में कैडेट प्रिया, शगुन, सना बानो, प्रवीण कुमार दीपेश कुमार, ऋषभ, अनुज पाराशर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर एसयूओ लवकुश, यूओ मनोज जुरेल, यूओ यामिनी चाहर, सर्जेंट मेजर रोहित कर्दम, सार्जेंट अरुण, सार्जेंट प्रिया चाहर, हिमांशु, प्रतीक खंडेलवाल, विशाल रावत उपस्थित रहे।

संचालन कैडेट प्राशी अग्रवाल ने तथा आभार एसयूओ तमन्ना परमार ने किया।




# यूपी आइकॉनस अवार्ड नाईट 2025 का पोस्टर लांच

एनएनआई

**आगरा।** आरोही इवेंट्स द्वारा आयोजित होने जा रहे यू.पी आइकॉनस अवार्ड नाईट 2025 का पोस्टर विमोचन उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य और उत्तरप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के कर कमलों द्वारा हुआ।

पोस्टर विमोचन में संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी, मनीष चोपड़ा, विशाल शर्मा आदि ने भी भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य ने कहा कि यू.पी आइकॉनस अवार्ड नाईट 2025 उत्तरप्रदेश के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, साथ ही उत्तरप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी ने संस्था को इस भव्य आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया!



## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में लगेगा करियर मेला

**आगरा** एनएनआई। वीरांगना अवंतिबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलाल खेरिया द्वारा, छात्रों को सही करियर चुनने में मदद करने के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलाल खेरिया में शनिवार सुबह 11 बजे से कॅरियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्या डा. कमल अरोड़ा के अनुसार मेले में कैरियर काउंसलर द्वारा छात्राओं को कैरियर की जानकारी प्रदान की जाएगी इसमें प्रवेश निशुल्क है।

## डॉ चंद्रपाल सिंह आईसीए-एपी में चुने गए निर्विरोध अध्यक्ष

**आगरा** एनएनआई। श्रीलंका में 17वें अंतरराष्ट्रीय कोऑपरेटिव गठबंधन आईसीए-एप के चतुर्थ वर्षीय चुनाव में डॉ चंद्रपाल सिंह पूर्व सांसद झांसी पूर्व कृमको अध्यक्ष एवं वर्तमान में कृमको उपाध्यक्ष को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट समर्पण और पूरे क्षेत्र में सहकारी आंदोलन की वृद्धि और एकता के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। आईसीए-एपी में उनका सतत नेतृत्व वैश्विक सहकारी समुदाय में नवाचार, समावेशिता और सहयोगात्मक प्रगति को और अधिक प्रेरित करेगा।

# 11वीं काव्य गोष्ठी में शहीदों को कवियों ने किया नमन

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा पश्चिम प्रताप, आगरा महानगर, बृज प्रान्त द्वारा अज्ञात शहीदों को समर्पित ग्यारहवीं नमन काव्य गोष्ठी आर्य समाज मन्दिर, जयपुर हाउस, आगरा पर आयोजित की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डा राजेन्द्र मिलन , संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग , कार्यक्रम के अध्यक्ष रविन्द्र वर्मा एवं महानगर कोषाध्यक्ष राजीव सिंघल, कवि और साहित्यकार विजया तिवारी ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। वरिष्ठ कवयित्री डा राम वर्मा श्याम ने सरस्वती वन्दना पढ़ी। कवि अजय मिश्रा अजेय ने कहा- जब जब स्नेह मिला भावों को, शब्द शब्द मिल गीत बन गए...। कवि प्रभुदत्त उपाध्याय ने कहा- मक्कारी तेरी बहुत सह लयी अब नाहिं और सहेंगे। सौ मारेंगे एक गिनेंगे भुस तोमें भर देंगे। ब्रजभाषा के वरिष्ठ कवि डा० ब्रजविहारी लाल 'बिरजू' ने शब्द दिए - इकट्ठा होगया सब गांव, जब सेना का रथ आया। सुना जिसने,वही उस ठौर पर दम साध कर धाया।। व्यथित माता-पिता,निःशब्द पत्नी, ताकती अपलक- तिरंगे में सहेजे हाथ पर भारत लिखा पाया।।

काव्य गोष्ठी में देवनारायण शर्मा (वाह) प्रोफेसर शुभदा पाण्डेय, राजीव क्वात्रा अग्रवासी, प्रकाश गुप्ता बेवाक, विजया तिवारी, डा राघवेन्द्र दुबे, आचार्य निर्मल, राज फौजदार, रमा वर्मा श्याम, शिक्षाविद डॉ नीलम भटनागर, कवयित्री और चित्रकार रश्मि सिंह, रामकथा वाचक योगेश चन्द्र शर्मा "योगी", राम अवतार शर्मा, राकेश शर्मा निर्मल, सुकेशनी दीक्षित, वन्दना तिवारी, धर्मवीर शर्मा, चित्रकार और कवियत्री रश्मि सिंह आदि ने भी काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभुदत्त उपाध्याय ने, संयोजन संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग ने, धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग ने किया। इंजी. सुरेश चन्द्र अग्रवाल, सतीश गुप्ता, राजवती अग्रवाल, उषा गुप्ता, दीपक गर्ग, राजीव सिंघल, प्रदीप सिंघल, राकेश पाठक, आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।



# बाह में 3 करोड़ से बनेंगे एक पुल और दो पुलिया

एनएनआई

**बाह।** विधानसभा क्षेत्र बाह में 3 करोड़ की लागत से एक पुल और दो पुलिया का निर्माण होगा। नव निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बाद धनराशि निर्गत कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि बाह उदी मार्ग पर 1.36 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होगा। पुल के निर्माण से आसपास के 12 गांव के लोगों का आवागमन सुगम होगा। पुल के निर्माण से सहूलियत के साथ ही करीब 35 हजार की आबादी के समय की बचत होगी। नहर पर पुरा जयचंद खैरडाडा में 91.48 लाख रुपये की लागत से एवं खजुरियनपुरा में 77.43 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण होगा। नहर पर पुलिया न होने की बजह से



■ विधायक पक्षालिका सिंह बोली चंबल के कंजरा और यमुना के बटेश्वर घाट पर पक्का पुल के निर्माण का प्रयास

20 गांवों के लोगों को 8 से 18 किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी, जिससे ग्रामीण किसानों को समय, श्रम और अधिक लागत का दंश झेलना पड़ रहा था। पुलिया बनने से बेहतर आवागमन के साथ अपनी कृषि उपज को मंडी तक ले जाने में सहूलियत होगी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उठाई गई मांग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के सामने जन मानस की भावना रखी। पुल और पुलिया के निर्माण से 32 गांवों के लोगों की आर्थिक तरक्की के द्वार खुलेंगे। उन्होंने बताया कि चंबल नदी के कंजरा घाट, यमुना नदी के बटेश्वर घाट पर पांटून पुल बनवाए थे। पक्के पुल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सहमति जताई है। सर्वे का काम भी शुरू हो गया है। पक्के पुल बनने से आवागमन की समस्या का स्थाई समाधान होगा, संतों का भी सम्मान रहेगा।




## गोल्डन ट्यूलिप में मनाई केस मिक्सिंग सेरेमनी

**आगरा** एनएनआई। रॉयल सरोवर पोर्टिको, गोल्डन ट्यूलिप द्वारा क्रिसमस केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन गोल्डन ट्यूलिप आगरा की रूफटॉप पर उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर जनरल मैनेजर अमरेन्द्र कर्ण ने कहा, "यह समारोह त्योहारों के मौसम की आधिकारिक शुरूआत का प्रतीक है और पारंपरिक क्रिसमस प्लम केक की तैयारी प्रक्रिया का आरंभ करता है, जिन्हें कई सप्ताह तक परिपक्व होने और फ्लेवर्स में भीगने की आवश्यकता होती है। यह आयोजन एक उत्सवमय माहौल बनाने, मेहमानों और समुदाय से जुड़ने तथा हमारी पाक कला की उत्कृष्टता प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर भी है।" कार्यक्रम में विदेशी इन-हाउस गेस्ट, शेफ और होटल स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया।



## खेडा राठौर में सड़क पर लड़े गोवंश, मुसीबत बने छुट्टा मवेशी

**बाह** एनएनआई। खेडा राठौर में पिनाहट नंदगवा मार्ग पर महुआशाला के पास सड़क पर विचरते दो गोवंश के लड़ने की तस्वीरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोवंश की लड़ाई के दौरान सड़क से गुजरते कई राहगीर हादसे का शिकार होने से बाल बाल बचे। सड़क से लेकर खेत तक मुसीबत बने छुट्टा मवेशी को गोशाला भेजे जाने के लिए भाकियू ने आंदोलनात्मक कदम उठाने की चेतावनी दी है। 2 दिन पहले बाह में सड़क किनारे दो सांडों की लड़ाई से अफरा तफरी मच गई थी। अब खेडा राठौर के महुआशाला गांव के पास गोवंश की सड़क पर लड़ाई से राहगीर परेशान हो गये। ग्रामीण कुलदीप, मनीष, योगेश, सतेन्द्र आदि ने बताया कि छुट्टा मवेशी के चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। लेकिन छुट्टा मवेशी पर अंकुश नहीं लग सका है। छुट्टा मवेशी खेतों में आलु, गेंहू, सरसों की फसल भी नष्ट कर रहे हैं। जैतपुर, बाह, बटेश्वर, खेडा राठौर, बासौनी, भदरौली में छुट्टा मवेशी की बजह से खेतों में फसलों के नष्ट होने से ग्रामीण परेशान हैं।

## एसआईआर कैंप लगा, लोगों में दिखा उत्साह

एनएनआई

**सिढ़पुरा।** नगर के रामलीला स्टेज पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन गुप्ता की देखरेख में एसआईआर (स्मार्ट वोटर इन्फॉर्मेशन रजिस्ट्रेशन) कैम्प आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्देश्य पात्र नागरिकों के एसआईआर (मतदाता पुनरीक्षण अभियान) फार्म भरवाना, आवश्यक विवरण अपडेट कराना और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदाता सूची के डिजिटल सत्यापन से जोड़ना रहा।

नगर में सम्मी कपूर गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा मुनादी कराकर लोगों को कैंप में पहुंचने की अपील की गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में नागरिक पंजीकरण कराने पहुंचे।

कैंप में मुख्य रूप से पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, बॉबी कश्यप, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भाजपा सुनील गुप्ता चौधरी, भाजपा मंडल महामंत्री गौरव गुप्ता, एडवोकेट



नवीन तिवारी, उमेश सोलंकी और सुधीर गुप्ता एवं बडी संख्या में मतदाता मौजूद रहे।

वहीं, बीएलओ सुमन लता के सहयोग से कैंप में आए लोगों की भरपूर मदद की गई— किसी ने फार्म पर फोटो चिपकाई, तो किसी ने फार्म भरने में सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंप से मतदाता सूची अपडेट करने में आसानी होती है और पात्र मतदाताओं को उनकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सही रूप से जोड़ा जाता है।

# द एमिनेंट रिसर्च द्वारा सम्मानित हुईं 'पंजाब रत्न' मनप्रीत कौर

एनएनआई

**वृन्दावन।** ठाकुर बांके बिहारी महाराज की परम भक्त एवं संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ), पंजाब की यशस्वी अध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी "पंजाब रत्न" श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) इन दिनों समाजसेवा के क्षेत्र में अत्यधिक योगदान दे रही हैं ब्रज वृन्दावन के प्रति उनका समर्पण व सेवाभाव अति प्रशंसनीय व सराहनीय है उनके सेवाकार्यों की धूम समूचे देश में है उन्होंने समूचे देश में विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित कर संतों, निर्धनों व निराश्रितों की सेवा करने का संकल्प लिया हुआ है उनके द्वारा "मां सीता




रसोई" व "मां राधा रसोई" संचालित कर असंख्य लोगों को निःशुल्क भोजन व फलाहार उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही वे देश के विभिन्न प्रांतों में अधिकाधिक अभावग्रस्तों की प्राथमिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने का कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा किन्हीं निर्धन बच्चों को उनकी शिक्षा व वस्त्र आदि में, तो किन्हीं को उनकी चिकित्सा व मकान निर्माण आदि में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। प्रख्यात समाजसेवी श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) के इन्हीं सेवा कार्यों व समर्पण भाव को देखते हुए द्वारिका, नई दिल्ली के होटल रेडिसन में द एमिनेंट रिसर्च, नई दिल्ली के द्वारा उन्हें सम्मानित करके "टॉप आइकन अवार्ड 2025" प्रदान किया है उन्हें यह सम्मान प्रख्यात फिल्म अभिनेता चंकी पांडेय ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र आदि भेंट करके दिया।

ज्ञात हो कि "पंजाब रत्न" श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) को इससे पूर्व भीअनेक प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। ब्रज सेवा संस्थान, वृन्दावन के अध्यक्ष एवं प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने श्रीमती मनप्रीत कौर को "टॉप आइकन अवार्ड 2025" मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## कोर्ट मैरिज कर बाह में रह रहा था जोधपुर का प्रेमी युगल

**बाह** एनएनआई। राजस्थान के जोधपुर का प्रेमी युगल कोर्ट मैरिज कर तीन सप्ताह से बाह में किराए के मकान में रह रहा था। दोनों ने पति पत्नी के रूप में किराए पर कमरा लिया था। बस्ती के लोगों को उनके प्रेम प्रसंग की भनक तक नहीं थी। गुरुवार सुबह 8 बजे जब पुलिस ने किराए पर लिए कमरे को घेरा और युवक युवती को थाने ले जाने लगी तो बस्ती में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि तलाश करते हुए ब्रहस्पतिवार को युवती के परिजन बाह पहुंचे। पुलिस को बताया कि दूसरी जाति का युवक उनकी बेटी को झांसे में लेकर भगा लाया है।

## संपादकीय

# शोषण का हथियार बनेंगे नए श्रम कानून!

संसद से पारित होने के बाद चार श्रम संहिताओं को लागू करने में सरकार को लगभग छह साल लगे, तो उसका यही संकेत है कि इनको लेकर संबंधित पक्षों के बीच कैसे टकराव की स्थिति रही है। सत्ता पक्ष की हालिया चुनावी सफलताओं के बाद संभवतः केंद्र ने महसूस किया है कि इन संहिताओं को लागू करने का यह अनुकूल मौका है। केंद्र का दावा है कि इन संहिताओं के जरिए पुराने पड़ गए श्रम कानूनों को आधुनिक और मौजूदा वैश्विक प्रतिमानों के अनुरूप बनाया गया है। दावा तो यह भी है कि इनमें श्रमिकों के कल्याण के नए और प्रभावी उपाय शामिल किए गए हैं। अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की प्रतिक्रिया पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि श्रम क्षेत्र के अनेक प्रमुख हितधारक ऐसे दावों से सहमत नहीं हैं। उनकी दलील है कि इन संहिताओं का मकसद मजदूरों एवं कर्मचारियों की सामूहिक सौदेबाजी की वैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना है। इन संहिताओं के तहत ट्रेड यूनियन बनाना, उनकी सामूहिक शक्ति के जरिए अपनी मांगों को रखना या हड़ताल पर जाना बेहद कठिन हो जाएगा। यानी श्रमिक वर्ग पूरी तरह प्रबंधन और सरकार की सदाशयता पर निर्भर हो जाएगा।

बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा। इस कानून के कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनको मजदूर फ्रेंडली कतई नहीं माना जा सकता है। उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि मजदूरों को नियमों में बांधने, उनके विरोध करने की क्षमता को कम करने और उनकी नौकरी को असुरक्षित बनाने के प्रावधान इन कानूनों में निहित हैं। मिसाल के तौर पर औद्योगिक संबंध संहिता में प्रावधान किया गया है कि तीन सौ तक मजदूर और कर्मचारी वाला उद्योग सरकार की अनुमति के बगैर छंटनी कर सकता है। पहले एक सौ मजदूरों तक की कंपनियों को यह छूट मिली थी। यह दायरा बढ़ाने का मतलब है कि देश की ज्यादातर कंपनियां और उद्योग अपने यहां पहले से ज्यादा आसानी से छंटनी कर पाएंगे। इसमें लगभग पूरा एमएसएमई सेक्टर आ जाता है। भारत में ज्यादातर कंपनियां इतने ही मजदूरों या कर्मचारियों वाली हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने ज्यादातर मजदूरों को कंपनियों की मर्जी के हवाले कर दिया है। इतना ही नहीं मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया है। कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि यूनियन की मान्यता पाने के लिए कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 फीसदी या एक सौ मजदूरों का, जो भी ज्यादा हो, उसमें शामिल होना जरूरी है। इससे छोटी यूनियन के समाप्त होने का खतरा है। कई मामलों में तो कंपनियों को स्व प्रमाणन यानी सेल्फ सर्टिफिकेशन की सुविधा दी गई है। कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है। काम के घंटे बढ़ाने, छंटनी के नियम आसान करने, यूनियन बना कर हड़ताल करने के नियम सख्त करने और निगरानी की व्यवस्था को कमजोर करने से अंततः मजदूरों की मुश्किलें बढ़ेंगी और उद्योग समूहों को उनके शोषण का अधिकार मिलेगा। यह निर्विवाद है कि मौजूदा हालात में सरकारी नीतियों से प्रभावित किसी तबके लिए संघर्ष करना या अपनी मांगें मनवाना आसान नहीं रह गया है। इसलिए ट्रेड यूनियनों का संघर्ष भी बहुत प्रभाव छोड़ पाएगा, इसकी संभावना कम है। फिर भी बिना उन्हें भरोसे में लिए श्रम संहिताओं को लागू कर सरकार ने टकराव का एक नया मोर्चा खोल दिया है। बेहतर होता, भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) की बैठक बुलाकर अधिकतम सहमति बनाने की कोशिश की जाती। मगर केंद्र ने इसकी जरूरत नहीं समझी। इससे श्रम एवं पूंजी के बीच नया तनाव पैदा हो सकता है।

# अगर मिल रहे हैं ये 6 संकेत, तो समझ जाएं कि खाटू श्याम बुला रहे हैं

राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है और हर कोई चाहता है कि बाबा जल्द ही बुलाएं। लेकिन ऐसे कौन से संकेत हैं जिनसे ये पता चल जाता है कि श्याम बाबा का बुलावा आ गया है यहां हम आपको इसी बारे में बताएंगे।





डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

**इन संकेतों के मिलने का मतलब है कि श्याम बाबा बुला रहे हैं**

वैसे तो श्याम बाबा के कई मंदिर हैं लेकिन राजस्थान के सीकर में स्थित खाटू श्याम मंदिर सबसे ज्यादा पॉपुलर है। जहां हर दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं कई लोग इस मंदिर के दर्शन करने की इच्छा रखते हैं। लेकिन कहा जाता है कि खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने वही व्यक्ति पहुंचता है जिसे बाबा खुद बुलाते हैं। यही कारण है कि कई बार प्लान बनाने के बाद भी खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाता। कहते हैं जब खाटू श्याम बाबा का बुलावा आता है तब जीवन में कुछ खास चीजें घटित होने लगती हैं। जिससे पता चल जाता है कि बाबा अब बुला रहे हैं।

**इन संकेतों से पता चलता है कि श्याम बाबा का बुलावा आ गया है**

यदि आपको खाटू श्याम बाबा सपने में दिखाई देते हैं तो समझ जाएं कि श्याम बाबा का बुलावा आ गया है। ऐसे में आपको खाटू श्याम मंदिर में जाने का प्लान बना लेना चाहिए।

अगर आपके मन में लगातार खाटू श्याम भगवान का विचार आ रहा है तो इसका मतलब हो सकता है कि वे आपको बुला रहे हैं।

अगर आपको ऐसे लोग मिल रहे हैं जो आपसे खाटू श्याम की बात कर रहे हैं तो समझ जाएं श्याम बाबा बुला रहे हैं।

अगर आपके मन में खाटू श्याम जाने की इच्छा है और आपको अचानक से कहीं उनके दर्शन हो जाएं तो इसका अर्थ है कि श्याम बाबा का बुलावा आ गया है।

यदि आपके मन में खाटूश्याम जी के मंदिर की यात्रा करने की तीव्र इच्छा उत्पन्न हो रही है तो यह संकेत हो सकता है कि वह आपको बुला रहे हैं।

यदि आपको कोई अचानक से खाटू श्याम जाने के लिए कहे तो समझ जाएं बाबा ने खुद आपको बुलाया है।

# चाणक्य नीतिः लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई नहीं रोक सकता सफलता


आचार्य चाणक्य ने जीवन, राजनीति और सफलता से जुड़े कई महत्वपूर्ण सिद्धांत बताए हैं। उनकी नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी हजारों साल पहले थीं। चाणक्य का मानना था कि लक्ष्य की स्पष्टता, अनुशासन, सही रणनीति और मेहनत ये चार आधार स्तंभ किसी भी व्यक्ति को सफलता दिला सकते हैं।

**सफलता के लिए चाणक्य नीति**

चाणक्य के अनुसार सफलता पाने के लिए व्यक्ति को अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए। अनुशासन, निरंतर प्रयास, सही रणनीति जीवन में सफलता के जरूरी सूत्र हैं। उनके ये सिद्धांत आज भी युवा, विद्यार्थी, प्रोफेशनल और हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जो जीवन में आगे बढ़ना चाहता है।

**ज्ञान और राजनीति के महान आचार्य**

चाणक्य, प्राचीन भारत के सबसे प्रभावशाली विद्वानों में से एक थे। उन्होंने तक्षशिला विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और अर्थशास्त्र, राजनीति, युद्ध-कला, ज्योतिष और चिकित्सा जैसे विषयों में महारत हासिल की। बाद में उन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य को शिक्षा दी और अपनी रणनीतियों के बल पर मगध को एक विशाल साम्राज्य में बदलने में अहम भूमिका निभाई। उनका लिखित ग्रंथ अर्थशास्त्र आज भी राजनीति और प्रशासन का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।



**लक्ष्य की स्पष्टता देती है दिशा**

चाणक्य ने सफलता के लिए लक्ष्य की स्पष्टता को सबसे महत्वपूर्ण बताया है। उनके अनुसार, जब तक व्यक्ति को यह पता न हो कि वह जीवन में क्या हासिल करना चाहता है, तब तक कोई भी प्रयास प्रभावी नहीं होता। स्पष्ट लक्ष्य आपको दिशा, प्रेरणा और निर्णय लेने की क्षमता देता है।

**निरंतर प्रयास और सही रणनीति जरूरी**

चाणक्य के अनुसार, निरंतर प्रयास ही सफलता की चाबी है। कड़ी मेहनत और समर्पण किसी भी लक्ष्य को हासिल करने में मदद करते हैं। साथ ही सही रणनीति बनाना भी उतना ही जरूरी है। उनकी प्रसिद्ध उक्ति "जो योजना नहीं बनाता, वह असफलता की योजना बनाता है" आज भी बेहद प्रासंगिक है।

**ऐसे बनता है सफल व्यक्तित्व**

चाणक्य का कहना था कि अनुशासन के बिना कोई लक्ष्य नहीं पाया जा सकता। अनुशासन व्यक्ति को नियमितता, धैर्य और आत्म-नियंत्रण प्रदान करता है। वे कहते थे कि मेहनत का फल मीठा होता है यानी बिना प्रयास सफलता कल्पना मात्र है।

**समय सबसे मूल्यवान**

चाणक्य ने समय को सबसे मूल्यवान संसाधन माना। उनके अनुसार, समय की बबार्दी जीवन की बबार्दी है। इसलिए हर पल का सही उपयोग करना चाहिए। सही समय पर सही फैसले लेना, अवसरों को समझना और बुद्धिमानी से काम करना सफलता की दिशा में निर्णायक कदम होते हैं।



# सलमान, ऐश्वर्या और अभिषेक ने धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा में दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए फिल्म जगत की कई प्रमुख हस्तियां मुंबई में आयोजित प्रार्थना सभा में पहुंचीं। ऐश्वर्या राय बच्चन अपने पति अभिषेक बच्चन के साथ पहुंचीं, जबकि सलमान खान भी दिवंगत अभिनेता को अंतिम नमन करने पहुंचे। अभिषेक बच्चन अपने पिता अमिताभ बच्चन के साथ श्मशान स्थल भी पहुंचे थे। इससे पहले मेगास्टार शाहरुख खान और आमिर खान ने भी 24 नवंबर को धर्मेंद्र को अंतिम विदाई दी थी। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभय देओल सहित कई सितारे भी प्रार्थना सभा में पहुंचे। हाल में सोशल मीडिया पर प्रार्थना सभा का निमंत्रण कार्ड भी चर्चा में रहा, जिसकी हेडलाइन प्रेयर मीट के स्थान पर सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ लिखी गई थी। सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम में गायक सोनू निगम द्वारा धर्मेंद्र के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे आयोजन भावुक माहौल में संपन्न हुआ। धर्मेंद्र के निधन के अगले दिन 25 नवंबर को फिल्म जगत की तमाम जानी-मानी हस्तियों–जीतेंद्र, राकेश रोशन, रेखा, ऋतिक रोशन, वरुण धवन, अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और निमार्ता अल्लू अरविंद–ने देओल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। 24 नवंबर को 89 वर्ष की आयु में धर्मेंद्र के निधन से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। आने वाली 8 दिसंबर को वह 90 वर्ष के होने वाले थे।

# ‘दे दे प्यार दे २’ ने पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा

**लेकिन हिट बनने की राह अभी लंबी**



लोकप्रिय फ्रेंचाइजी ‘दे दे प्यार दे 2’ का दूसरा भाग, ‘दे दे प्यार दे 2’, बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई पार कर चुकी है। हालांकि आलोचकों और दर्शकों की मिश्रित प्रतिक्रिया के चलते फिल्म को अभी ‘हिट’ के रूप में दर्जा नहीं दिया गया है। ट्रेड विशेषज्ञों के अनुसार, फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता और पहले भाग के प्रशंसकों के कारण फिल्म को शुरूआती दिनों में अच्छा लाभ मिला। फिर भी, फिल्म के भारी बजट और प्रचार खर्च को देखते हुए अभी 100 करोड़ रुपये की कमाई को पर्याप्त नहीं माना जा सकता। फिल्म के कलाकारों और निमार्ताओं ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल कमाई करना नहीं, बल्कि दर्शकों को रोचक मनोरंजन प्रदान करना था। आलोचकों ने फिल्म को लेकर मिले-जुले मत दिए। कुछ ने इसे हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी बताया, जबकि अन्य ने पटकथा और संवाद को औसत बताया। सोशल मीडिया पर भी कहानी को लेकर कई चचाएँ हुईं। हालाँकि फिल्म के गीत और संगीत वीडियो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं और लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। ट्रेड विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दो सप्ताह फिल्म के लिए निर्णायक होंगे। यदि दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया जारी रही और वीकेंड कलेक्शन बढ़ता गया, तो फिल्म आगे चलकर हिट की श्रेणी में शामिल हो सकती है।

# साउथ फिल्मों में अक्सर हीरो को विलेन बनाया जाता है, इसलिए कम करता हूँ काम-सुनील शेट्टी



अभिनेता सुनील शेट्टी ने साउथ भारतीय फिल्मों के प्रस्तावों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें साउथ फिल्म इंडस्ट्री से कई प्रस्ताव मिलते हैं, लेकिन ज्यादातर फिल्मों में हिंदी फिल्म अभिनेताओं को नकारात्मक भूमिका में दिखाया जाता है, जो उन्हें स्वीकार नहीं होता। एक विशेष बातचीत में उन्होंने कहा, साउथ की कई फिल्मों में हिंदी हीरो को ताकतवर विलेन के रूप में दिखाया जाता है। यह दर्शकों के लिहाज से ठीक माना जाता है, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं है। सुनील शेट्टी ने बताया कि उन्होंने रजनीकांत के साथ एक फिल्म सिर्फ इस वजह से की थी कि वे उनके साथ काम करने का अवसर चाहते थे। उन्होंने हाल ही में जय नामक एक फिल्म में अतिथि भूमिका निभाई, जिसे उन्होंने फिल्म को प्रोत्साहन देने के लिए किया था। सुनील शेट्टी ने कहा, आज भाषा कोई बाधा नहीं है। असली बाधा सिर्फ अच्छी कहानी की होती है। अच्छा कंटेंट किसी भी सीमा को पार कर लेता है। वह जल्द ही भारत के सुपर फाउंडर्स नामक उद्यमिता-आधारित रियलिटी कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तोता के रूप में नजर आएंगे। इसके अलावा वह हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल फिल्मों में भी दिखाई देंगे।



# राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले अक्षय कुमार

## राज्य की प्रगति की सराहना

अभिनेता अक्षय कुमार ने गुरुवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर हुई यह शिष्टाचार भेंट करीब आधे घंटे चली। बैठक के दौरान अक्षय कुमार ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है, विशेषकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। अक्षय ने जयपुर के बदलते बुनियादी ढांचे को भी सराहा और कहा कि शहर में पिछले वर्षों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। अभिनेता ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत में चोमू पैलेस सहित राजस्थान के कई ऐतिहासिक स्थानों पर शूटिंग की थी। उन्होंने यहाँ की मेहमाननवाजी का ज़िक्र करते हुए कहा, राजस्थान की गर्मजोशी और अपनापन देश में किसी और जगह नहीं मिलता। अक्षय कुमार ने राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को सराहनीय बताते हुए कहा कि आने वाले समय में भी वह अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए राजस्थान आते रहेंगे।

# 22.65 करोड़ में बिकीं भारत की वर्ल्ड चैंपियंस टीम की खिलाड़ी

## आईपीएल में अकेले पंत की कीमत 27 करोड़, डब्ल्यूपीएल में किसी महिला खिलाड़ी को 4 करोड़ भी नहीं

### ऑक्शन में किस खिलाड़ी को कितनी कीमत मिली

**1. दीप्ति शर्मा - यूपी ने 3.20 करोड़ में खरीदा**
वनडे विश्व कप की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्स ने 3.20 करोड़ रुपये में दोबारा टीम में शामिल किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 22 विकेट लिए और 215 रन बनाए थे।

**2. रेणुका सिंह - गुजरात ने 60 लाख में खरीदा**
स्विंग गेंदबाज रेणुका सिंह को गुजरात जायंट्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा। उन्होंने टूर्नामेंट में 6 मैचों में 3 विकेट लिए थे।

**3. क्रांति गौड़- यूपी ने 50 लाख में खरीदा**
तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ 50 लाख में यूपी वॉरियर्स को मिलीं। उन्होंने 8 मैचों में 9 विकेट लिए और शानदार इकोनॉमी रखी।

**4. राधा यादव- आरसीबी ने 65 लाख में खरीदा**
लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 65 लाख में खरीदा। उन्होंने 3 मुकाबलों में 4 विकेट लिए थे।

**5. श्री चरणी- दिल्ली ने 1.30 करोड़ में खरीदा**
दूसरी सबसे सफल गेंदबाज रही लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी को दिल्ली कैपिटल्स ने 1.30 करोड़ में खरीदा। उनके नाम 9 मैचों में 14 विकेट रहे।

**6. अरुंधति रेड्डी- आरसीबी ने 75 लाख में खरीदा**
अतिरिक्त फील्डर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अरुंधति रेड्डी को 75 लाख में आरसीबी ने खरीदा।

**7. प्रतिका रावल- यूपी ने 50 लाख में खरीदा**
ओपनर प्रतिका रावल आखिरी राउंड में 50 लाख में यूपी को मिलीं। उन्होंने ग्रुप चरण में 308 रन बनाए थे।

**8. हरलीन देओल- यूपी ने 50 लाख में खरीदा**
मिडिल ऑर्डर की भरोसेमंद बल्लेबाज हरलीन देओल 50 लाख में यूपी वॉरियर्स को मिलीं। उन्होंने 7 मैचों में 169 रन बनाए थे।

**9. स्नेह राणा- दिल्ली ने 50 लाख में खरीदा**
ऑलराउंडर स्नेह राणा को 50 लाख में दिल्ली कैपिटल्स ने चुना। उनके नाम 6 मैचों में 99 रन और 7 विकेट रहे।

**10. उमा छेत्री- नहीं मिला खरीदार**
विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी 50 लाख की बेस कीमत पर कोई टीम नहीं खरीद सकी।




**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए भारतीय वनडे विश्व कप विजेता टीम की 16 में से 15 खिलाड़ी टीमों में शामिल हो गई हैं। इनमें से 6 खिलाड़ी पहले से रिटेन थीं, जबकि 9 खिलाड़ियों को गुरुवार को दिल्ली में हुए ऑक्शन में खरीदा गया। इन सभी की कुल कीमत 22.65 करोड़ रुपये रही। हालांकि महिला क्रिकेटरों की यह कमाई मजबूत संकेत देती है कि डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहा है, लेकिन वेतन की दृष्टि से महिला खिलाड़ी अब भी पुरुष क्रिकेटरों से काफी पीछे हैं। पुरुष लीग आईपीएल में अकेले ऋषभ पंत की कीमत ही 27 करोड़ रुपये है, जो वर्ल्ड चैंपियन 15 खिलाड़ियों की संयुक्त कीमत से भी 4.35 करोड़ ज्यादा है।

### महिला क्रिकेटर वेतन में अब भी पीछे क्यों?

डब्ल्यूपीएल में 5 टीमें खेलती हैं और हर टीम का पर्स सिर्फ 15 करोड़ रुपये है। यानी कुल पर्स 75 करोड़। वहीं पुरुष आईपीएल में एक टीम का पर्स ही 120 करोड़ रुपये है। टीमों के पास बजट कम होने से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों जितना भुगतान कर पाना संभव नहीं है।

### पंत अब भी सबसे महंगे भारतीय

ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपये की बोली के साथ आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनकी कीमत अकेले वर्ल्ड चैंपियन 15 खिलाड़ियों की कुल कीमत से भी 4.35 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### 9 जनवरी से शुरू होगा डब्ल्यूपीएल का चौथा सीजन

डब्ल्यूपीएल 9 जनवरी से 5 फरवरी तक नवी मुंबई और वडोदरा के दो मैदानों पर खेला जाएगा। लीग 2023 में शुरू हुई थी। अब तक मुंबई इंडियंस दो बार और आरसीबी एक बार चैंपियन रही है, जबकि दिल्ली तीनों सीजन में उपविजेता रही है।

**11. स्मृति मंधाना- 3.50 करोड़ (रिटेन)**
उप कप्तान स्मृति मंधाना को आरसीबी ने 3.50 करोड़ में रिटेन किया। वे अब भी डब्ल्यूपीएल की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं।

**12. हरमनप्रीत कौर- 2.50 करोड़ (रिटेन)**
भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मुंबई इंडियंस के साथ 2.50 करोड़ पर बनी रहीं।

**13. जेमिमा रोड्रिग्ज- 2.20 करोड़ (रिटेन)**
सेमीफाइनल में शतक लगाने वाली जेमिमा को दिल्ली ने 2.20 करोड़ में रिटेन किया।


**14. शेफाली वर्मा- 2.20 करोड़ (रिटेन)**
फाइनल में 87 रन की पारी खेलने वाली शेफाली वर्मा भी दिल्ली के साथ 2.20 करोड़ में बनी रहीं।

**15. ऋचा घोष- 2.75 करोड़ (रिटेन)**
विकेटकीपर ऋचा घोष को आरसीबी ने 2.75 करोड़ में बरकरार रखा।

**16. अमनजोत कौर- 1 करोड़ (रिटेन)**
अमनजोत कौर मुंबई इंडियंस के साथ 1 करोड़ पर रिटेन रहीं। वे सेमीफाइनल में भारत के लिए विनिंग शॉट खेलने वाली खिलाड़ी थीं।

'दुल्हन को घर लाने का सपना देखा था'

# पलाश की मां अमिता बोलीं- जल्द होगी शादी, मंधाना तकलीफ में



### भावुक हुईं पलाश की मां

पलाश की मां अमिता मुछाल ने कहा कि दोनों परिवारों के लिए ये वक्त बेहद भावनात्मक है। उनकी आवाज में उम्मीद और दर्द दोनों साफ महसूस हुआ। अमिता ने कहा, 'स्मृति और पलाश दोनों तकलीफ में हैं... पलाश ने हमेशा अपनी दुल्हन के साथ घर आने का सपना देखा था। मैंने स्मृति के लिए खास वेलकम की तैयारी भी की थी। सब ठीक हो जाएगा शादी जल्द होगी।

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुछाल की शादी इन दिनों सोशल मीडिया और फैन्स के बीच चर्चा का बड़ा विषय बनी हुई है। जिस शादी की तैयारियों को लेकर फैंस बेहद उत्साहित थे, वह अब अस्पष्टता और अफवाहों के घेरे में है। शादी के दिन ही स्मृति के पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद शादी की रस्में अनिश्चित समय के लिए टाल दी गईं। इस घटना का असर सिर्फ परिवार पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इस तनाव के चलते दूल्हे पलाश की तबीयत भी खराब हो गई और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025:

# भव्या ने चौथे दिन तीन गोल्ड मेडल जीते, रिले में एक गोल्ड भी शामिल

**जयपुर।** जैन यूनिवर्सिटी की स्विमर भव्या सचदेवा ने गुरुवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में इंडिविजुअल इवेंट्स में दो गोल्ड मेडल जीते और महिलाओं की 4x100 मेडले रिले में एक गोल्ड मेडल जीतकर अपने कुल मेडलों की संख्या सात कर ली। भव्या, जिन्होंने कॉम्पिटिशन के पहले दो दिनों में एक इंडिविजुअल और एक रिले गोल्ड जीता था, ने गुरुवार को महिलाओं की 800मी फ्रीस्टाइल कैटेगरी में 9:37.41 की टाइमिंग के साथ अपना गोल्ड मेडल मार्च शुरू किया। इस साल की शुरूआत में एशियन एक्वेटिक चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला, कुछ मिनट बाद पूल में लौटीं और 200मी फ्रीस्टाइल इवेंट में 2:13.55 के टाइम के साथ जीत हासिल की। जैन यूनिवर्सिटी के तैराकों ने उम्मीद के मुताबिक पूल इवेंट्स में दबदबा बनाया, 11 में से आठ गोल्ड मेडल जीतकर अपने कुल गोल्ड मेडल की संख्या 20 कर ली। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के बीच मेडल तालिका में दूसरे स्थान के लिए कड़ी टक्कर थी, क्योंकि लवली ने तीरंदाजी में तीन और शूटिंग में एक गोल्ड मेडल जीतकर अपने गोल्ड मेडल की संख्या 13 कर ली।




## शुक्रवार, 28 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्तम और अनुकूल रहेगा। आपकी राशि से अष्टम भाव में मंगल और शुक्र की युति बन रही है जिससे आप रोमांटिक रहेंगे। आप प्रेमी के साथ रिश्ते को आगे ले जाने के बारे में विचार कर सकते हैं।

आज का दिन वृषभ राशि के लोगों के लिए लाभदायक और अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा और बच्चों की तरक्की देखकर मन प्रसन्न होगा। यदि परिवार के किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी तो वह आज दूर हो सकती है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आप आज व्यस्तता के बाद भी परिवार के साथ समय बिता पाएंगे। आपको आज कामकाज के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा के दौरान अपने सामान का ध्यान रखना होगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपनी प्रतिष्ठा का ध्यान रखते हुए काम करना चाहिए। आज किसी की बातों और बहकावे में आकर कोई भी निर्णय लेने से आपको बचना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आपका प्रदर्शन बेहतर होगा।

आज शुक्रवार का दिन सिंह राशि के लोगों के लिए लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज वाणी और चतुराई का भी लाभ मिलेगा। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे। लेकिन आज दूसरों के काम में दखल देने से आपको बचना होगा।

आज का दिन कन्या राशि के लोगों के लिए लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में सफलता की प्राप्ति होगी। आपको कोई शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। आज शाम के समय आप कुछ धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन ग्रहों के अनुकूल प्रभाव से लाभदायक रहेगा। आपको कारोबार में आज कमाई का मौका मिलेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का पद प्रभाव बढेगा। आज आपको आर्थिक लाभ मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। लेकिन आपको आज जोश में होश खोने से बचना होगा। आर्थिक मामलों में आज संयम से काम लें, किसी की बातों में आकर धन लगाएंगे तो धन डूब सकता है। पारिवारिक जीवन के मामले में दिन आज अनुकूल रहेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको अपने काम पर फोकस करना होगा क्योंकि काम का दबाव अधिक रहेगा। अधिकारी आज कुछ नई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपके मन में एक साथ कई विचार आते रहेंगे जिससे आपका मन आज उलझन में रहेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। आपको आज परिवार के साथ सहयोग से किसी काम को पूरा कर पाने में सफलता मिलेगी। आपकी कोई चाहत भी आज पूरी हो सकती है। आपके घर पर आज किसी मित्र या मेहमान का आगमन हो सकता है।

आज शुक्रवार का दिन कुंभ राशि के लिए नरम गरम रह सकता है। आपकी राशि में आज राहु ग्रहण योग बना रहे हैं। ऐसे में आपको आज जोखिम से बचना होगा। सेहत के मामले में आप आज अपना ध्यान रखें। लव लाइफ मे आज प्रेमी से किसी बात को लेकर मतभेद होने की आशंका है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको संतान को लेकर चिंता परेशानी हो सकती है। वैसे आपको आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर रखना चाहिए इससे आपको समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी।



**डॉ. शिल्पा जैन**
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 118वीं अमासी स्किल कोर्स एंड एफमास एग्जाम का शुभारम्भ

## तेज कौशल, सुरक्षित सर्जरी: लैप्रोस्कोपी वर्कशॉप ने बनाया नया मानक

■ सर्जरी में कमाल की निपुणता, लैप्रोस्कोपी स्किल कोर्स बना चर्चा का विषय

एनएनआई

**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन्स ऑफ इंडिया (अमासी) की ओर से 118वीं अमासी स्किल कोर्स एंड एफमास एग्जाम का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गयी। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ उघमी व प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजना बंसल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ज्ञान प्रकाश, अमासी के उपाध्यक्ष डॉ. राजदीप सिंह और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. हिमांशु यादव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर किया।

अमासी के उपाध्यक्ष डॉ. राजदीप सिंह ने बताया कि अनियमित जीवनशैली, जंक फूड का बढ़ता चलन और कम शारीरिक गतिविधि के कारण वजन बढ़ना अब आम समस्या हो गई है। ऐसे में जब व्यायाम, डाइट और दवाइयों से वजन नियंत्रित नहीं होता, लैप्रोस्कोपिक बैरिएट्रिक सर्जरी एक वरदान के रूप में सामने आती है। लैप्रोस्कोपिक तकनीक के कारण पेट में बड़े चीरे की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि छोटे-छोटे छेदों से ही सर्जरी की जाती है। इससे खून का बहाव कम होता है, दर्द कम होता है और मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। बैरिएट्रिक सर्जरी न केवल वजन कम करने में मदद करती है, बल्कि मोटापे से जुड़ी गंभीर बीमारियों—जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, हार्ट डिजीज और स्लीप एपनिया को भी काफी हद तक नियंत्रित करती है।



डॉ. समीर कुमार ने लैप्रोस्कोपिक प्रक्रियाओं में गैस इन्फ्लेशन की महत्वपूर्णता को दशार्या और बताया कि सही पेनुमोपेरिटोनियम सुनिश्चित करने से न केवल मरीज की सुरक्षा बढ़ती है, बल्कि सर्जिकल दृश्यता भी बेहतर होती है। इसको सही से करना जोखिमों को कम करने और सर्वोत्तम सर्जिकल परिणाम आते है। लैप्रोस्कोपिक नॉट्स और स्यूचरिंग के बुनियादी सिद्धांत है। इन नॉट-टाईंग तकनीकों में महारत हासिल करने से सर्जिकल दक्षता और मरीज की रिकवरी में कितना सुधार हो सकता है। एक अच्छी तरह से बंधी नॉट सर्जरी में जटिलताओं को कम करने और रिकवरी समय को छोटा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

डॉ. निसार हमदानी ने बताया कि हाइडेटिड लीवर सिस्ट के लैप्रोस्कोपिक उपचार में कैसे न्यूनतम आक्रामक तकनीकें पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक सुरक्षित और कम आघातपूर्ण होती हैं, जिससे जटिलताओं का खतरा कम होता है और मरीज की रिकवरी बेहतर होती है। डॉ. एच. एल. राजपूत ने ऑपरेशन थिएटर उपकरणों के कीटाणुशोधन और रख-रखाव पर सत्र में बताया गया कि उच्चतम स्तर के स्वच्छता मानकों का पालन करना क्यों जरूरी है। सही कीटाणुशोधन तकनीकों को नजरअंदाज करना सर्जिकल जटिलताओं का कारण बन सकता है। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत लवाणिया, डॉ. अभिनव मित्तल, डॉ. दीपिका चौबे, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. करण रावत, डॉ. भुवनेश, डॉ. दीपक, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. अजय, डॉ. यूसुफ, डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. अनुभव गोयल आदि मौजूद रहे।



**संयोजक डॉ. हिमांशु यादव** ने बताया कि अमासी का सर्जन्स को आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित कर देश के हर कोने में जरूरतमंद मरीजों के लिए बेतरह सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास है। सर्जन को अपडेट रखने के लिए इस तरह के कोर्स बहुत जरूरी है। 225 से अधिक सर्जन एंडो ट्रेनर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें केरल, श्रीनगर, पटना, कलकत्ता, हैदराबाद, सूरत, भोपाल, लखनऊ, तमिलनाडु, पटियाला आदि स्थानों से सर्जन आए हैं। विशेषज्ञों ने लैप्रोस्कोपिक और स्त्री रोग सर्जरी अपनी अनूठी दृष्टि से उन्नत सर्जिकल तकनीकों, न्यूनतम आक्रामक स्त्री रोग सर्जरी में नए विकास और मरीजों की सुरक्षा और देखभाल में नवाचारों पर चर्चा की। शुक्रवार को स्त्री रोग पर सत्र आयोजित होंगे।

# पत्रकारिता केवल सूचना नहीं, बल्कि राष्ट्रहित की रक्षा का माध्यम



■ समाचार संकलन के स्तर से ही तथ्यों के संकलन में बरतनी होगी सजगता, तभी रुकेगा दुष्प्रचार

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, शूमाकर सोसाइटी दिल्ली और सेंटर फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस (वारसॉ) के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यधारा मीडिया में दुष्प्रचार का मुकाबला विषय पर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन गुरुवार को किया गया। के.एम.आई. के सूरकक्ष में हुए कार्यक्रम में देशझविदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर सूचना युद्ध, फेक न्यूज तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दुष्प्रचार के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। व्याख्यान का केंद्रीय संदेश था कि पत्रकारिता केवल सूचना नहीं, बल्कि सत्य, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित की रक्षा का माध्यम है ह्व

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी जी ने की। निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने कहा कि यह कोई आसान कार्य नहीं है। पत्रकार का कार्य दोधारी तलवार पर चलने जैसा है। पत्रकार का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक विचारधारा निर्माण का कार्य करते हैं। पत्रकार एक सच्चा और ईमानदार व्यक्तित्व होता है जो समाज को सच्चा दर्पण दिखाते हुए पथ प्रदर्शित करता है। यह जिम्मेदारी बहुत ही निष्पक्ष और ईमानदारी से निभाई जाती है।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे शूमाकर सोसाइटी दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. डी.के. गिरि, जिन्होंने दुष्प्रचार को लोकतांत्रिक विमर्श के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि मीडिया की न्यूनतम चूक भी समाज में गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती है। डॉ. डी. के. गिरि का कहना था कि पत्रकारिता में अनुशासन बहुत ही आवश्यक तत्व है। मीडिया हमारी शासन प्रणाली का चौथा स्तंभ माना जाता है । एक लेखक की रचनाओं का प्रभाव भले पड़े या ना पड़े, लेकिन एक पत्रकार ने अपने न्यूजपेपर में क्या लिखा इसका प्रभाव समाज, शिक्षा, देश और राजनीति पर अवश्य पड़ता है। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ में संचालित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और शूमाकर सोसाइटी दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी जी, शूमाकर सोसाइटी दिल्ली की निदेशक डॉ. सुजन चेरियन, शूमाकर सोसाइटी दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. डी.के. गिरि, के,एम.आई. निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने हस्ताक्षर किए। इसमें युवाओं में सही न्यूज के प्रति जागरूकता पैदा करना, युवा मस्तिष्क को ऐसी जानकारी पहचानने के लिए प्रशिक्षित करना, जो सत्य नहीं है, विद्यार्थियों में पत्रकारिता के मूल्य विकसित करना और आंकड़ों और सूचनाओं की दोबारा जांच करने का प्रशिक्षण देना, मीडिया और सूचना क्षेत्र में विदेशी हस्तक्षेप आदि के बारे में जागरूकता पैदा करना होगा।

# बांझपन में होने वाले उपचार, प्री-आईवीएफ मैनेजमेंट और रेफरल टाइमिंग पर की चर्चा

एनएनआई

**आगरा।** के पी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल (इंस्टीटिंयूट ऑफ मेडिकल साईसेस), आगरा से प्राइम आई वी एफ सेन्टर द्वारा बुधवार को बाझपास पर सी एम ई का आयोजन किया गया। सी एस ई. में प्राइस आई वी एफ सेन्टर के कि डारेक्टर्स डा. निशी सिंह और डा आर पी एस तोमर, एवं के पी ई एम एस हॉस्पीटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेन्ट डा० अरुण कुलश्रेष्ठ, यूरोलॉजिस्ट डा० नितिन गर्ग एवं मुख्य अतिथि डा सरोज सिह के द्वारा कार्यक्रम का शुभ्भारंभ किया गया।

प्राइम आई वी एफ सेन्टर के.पी.आई.एम.एस, आगरा में विषय पर गोस्ठी का आयोजन प्राईम आई वी एफ सेन्टर की क्लिनिकल हेड डॉ. शैली गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बांझपन में होने वाले उपचार, प्री-आईवीएफ मैनेजमेंट और रेफरल टाइमिंग पर महत्वपूर्ण विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञों ने भाग लिया एवं इस प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारी के लिए सराहना भी की। डा. निशी सिंह और डा. आर पी एस तोमर के द्वारा प्राईम आई वी एफ सेन्टर के पी आई एम एस के द्वारा निसंतान्ता से पीडित गरीजों को उत्कृट रोवाऐं दिये जाने के बार में भी अवगत कराया। यूरोलॉजिस्ट डा० नितिन गर्ग ने बताया कि बांझपर की समस्या जैसी परेशानिया कई परिवार



में पाई जा रही हैं अधिकतर गहिलाओं के साथ-साथ पुरुषो में भी कमीया पाई जा रही है। इरा लिए निरांकोच हो कर महिला एवं पुरुष दोनो ही संबंधित डाक्टर रो राही रागय पर सही इलाज ले तो परिवार का सुख प्राप्त कर सकते है। इस कार्यक्रम में के पी.आई.एम. एरा हॉरपीटल के सी ई ओ कुनाल सिंगल ने कार्यकम में आये सभी विशेषज्ञों को आमार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापन किया। प्राईम आई वी एफ की सेंटर हेड श्रीमति नितिका आर डेनियल, ऑपरेशनल हेड शादाब आलम, शुभम गुप्ता नर्सिंग सुपरिंटेंडेन्ट मैरी अज्जु एच आर सीतल शर्मा एवं मार्केटिंग टीम का विशेष सहयोग रहा।

